Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Rawat Shri Bachi Singh

an>

Title : Need to release adequate food grains to Uttaranchal under Public Distribution System.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : महोदय, सार्वजनिक वितरण प्रणाली देश में और विशेाकर उत्तरांचल में उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण करने में असफल सिद्ध हो रही है। इस साल उत्तरांचल सूखाग्रस्त रहा है और यहां के सीमांत कृकों के पास भोजन के लिये अन्न उनके घर पर नहीं के बराबर है। दूसरी ओर गेहूं सरकारी सस्ते गलले की दुकानों पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। खाद्यान्न की कमी व बढती कीमतलों के कारण गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिये जीवन का संकट पैदा हो गया है।

अत्यधिक ऊंचाई वाले दूरस्थ क्षेत्रों के खाद्यान्न गोदाम खाली पड़े हुए हैं और खुले बाजार में भी आवश्यक खाद्य वस्तुयें उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। गरीबी रेखा के ऊपर जीवन यापन करने वाले लोगों को तो खाद्यान्न का आबंटन ही बंद हो गया है।

इन विाम परिस्थितियों में मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि वह उत्तरांचल को अतिरिक्त खाद्यान्न् आबंटित करते हुए पूर्व की भांति वहां के सुदूर क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने हेतु तत्काल राहत के उपाय करें।